मुख्यमंत्री ने कहा, यूपी को फुटवियर-लेदर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाएगी नई नीति

# निवेशकों को जमीन के लिए लागू किया जाए लीज रेंट मॉडल: योगी

## निर्देश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इंडस्ट्रियल कलस्टर नीति के तहत लीज रेंट मॉडल लागू किया जाए। इससे निवेशकों के लिए जमीन की लागत कम होगी। उन्होंने यह भी कहा कि चर्म उद्योग के लिए डिजाइन टू डिलीवरी मॉडल करने को इको सिस्टम विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक कर दो नई प्रस्तावित नीतियों के मसौदे पर निर्देश दिए। पहली नीति औद्योगिक कलस्टर नीति व दूसरी 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025' है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भूखंडों के आवंटन से लेकर लीज डीड निष्पादन, निर्माण और उत्पादन तक की प्रक्रिया स्पष्ट, सरल होनी चाहिए। सीमित औद्योगिक भूमि को ध्यान में रखते हुए 'लीज रेंट मॉडल' पर विचार किया जाए, जिससे पूंजीगत व्यय कम होगा। मुख्यमंत्री ने 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025' के प्रारूप पर कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लेदर और नॉन-लेदर फुटवियर निर्माण नीति इसे वैश्विक केंद्र बनाएगी।

## मोदी आज वाराणसी में अगवानी को योगी पहुंचे

वाराणसी। प्रधानमंत्री की अगवानी के लिए मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार की देर शाम काशी पहुंच गये। वह शनिवार को एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को 2183 करोड़ का उपहार देंगे। इसमें बुनियादी विकास की 52 परियोजनाएं हैं। इसके अलावा 9.70 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि जारी करेंगे।



मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की।